# A

**16613** **120 MINUTES**

1. 'हिन्दी साहित्य उद्‌भव एवं विकास' किसकी रचना है?
   A) डॉ. रामकुमार वर्मा B) डॉ. भगीरथ मिश्र
   C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी D) मिश्रबन्धु

2. पुरानी हिन्दी को 'प्राकृताभास' किसने कहा?
   A) शुक्लजी B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
   C) नामवरसिंह D) लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय

3. 'बच्चा चोर से डरता है ।' इसमें किस प्रकार का कारक है?
   A) करण कारक B) संप्रदान कारक
   C) अपादान कारक D) अधिकरण कारक

4. आदिकाल को 'वीरकाल' नाम किसने दिया?
   A) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र B) डॉ. रसाल
   C) राहुल सांकृत्यायन D) डॉ. नगेन्द्र

5. 'जसहर चरिउ' किसकी रचना है?
   A) पुष्पदंत B) स्वयंभू
   C) जिनदत्तसूरी D) जोइन्दु

6. हिन्दी को राजभाषा के रूप में मान्यता कब मिली ?
   A) 14 सितंबर 1949 B) 14 सितंबर 1956
   C) 14 सितंबर 1947 D) 14 सितंबर 1955

7. कौन सी रचना कुतुबन की है?
   A) अखरावट B) चित्रावली
   C) मृगावती D) मधुमालती

8. निम्नलिखित में से अर्धस्वर कौन सा है?
   A) प B) क्ष C) ज्ञ D) य

9. 'बसो मेरे नैनन में नंदलाल' किसकी पंक्ति है?
A) सूरदास B) नन्ददास C) मीराबाई D) रहीम

10. इनमें कौन-सी रचना अवधी भाषा की नहीं है?
A) कवितावली B) विनयपत्रिका C) पद्मावत D) चंदायन

11. 'विखंडनवाद' के प्रवर्तक कौन है?
A) इलियट B) मैथ्यू आरनल्ड C) कामू D) देरिदा

12. नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना कब हुई ?
A) 1893 B) 1902 C) 1897 D) 1971

13. 'रात का रिपोर्टर' किसकी रचना है?
A) शरद जोशी B) निर्मल वर्मा C) धर्मवीर भारती D) अज्ञेय

14. इनमें भाववाच्य का उदाहरण कौन-सा है?
A) रमेश से लिखा नहीं जाता । B) सुशीला से गीत गाया गया।
C) लड़कों से अपना कार्य किया जाएगा। D) सीता से कपड़े धोये जाते हैं।

15. नासिरा शर्मा की कहानी 'तीसरा मोर्चा' का संबंध किस राज्य से है?
A) उत्तर प्रदेश B) पंजाब C) बिहार D) कश्मीर

16. 'ताजमहल के आँसु' किसका एकांकी संकलन है ?
A) लक्ष्मी नारायणलाल B) शंकरशेष
C) राजेश जैन D) राकेश वत्स

17. महेन्द्र कुमारी किस लेखिका के बचपन का नाम है?
A) सूर्यबाला B) मन्नू भण्डारी
C) मंजुल भगत D) मृणाल पांडे

18. 2015 के साहित्य अकादमी पुरस्कार किसको मिला था?
A) कुंवर नारायण B) श्रीकांत वर्मा
C) रामदरश मिश्र D) स्वदेश भारती

19. 'गंधर्वगाथा' किसकी कहानी है?
A) चन्द्रकांता B) मनीषा कुलश्रेष्ठ
C) अलका सरावगी D) अल्पना मिश्र

20. संघमित्रा मधुकांकरिया के किस उपन्यास की नायिका है?
A) खुले गगन के लाल सितारे B) सलाम आखिरी
C) सेज पर संस्कृत D) पताखोर

21. 'यह कहानी नहीं' किसका कहानी-संकलन है?
A) कुसुम अंसल B) नमिता सिंह
C) लवलीन D) राजी सेठ

22. 'लाल हवेली' किसका प्रथम उपन्यास है?
A) शिवानी B) मैत्रेयी पुष्पा
C) चित्रा मुद्गल D) ऋता शुक्ल

23. केदारनाथ सिंह को किस साल ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ?
A) 2008 B) 2010 C) 2013 D) 2015

24. इनमें कृष्ण बलदेव वैद कृत उपन्यास कौन-सा है?
A) एक नौकरानी की डायरी B) ज़िन्दगीनामा
C) चीनी बाबा D) एक ब्रेक के बाद

25. 'आज के अतीत' किस विधा की रचना है?
A) निबंध B) आलोचना C) कहानी D) आत्मकथा

26. इनमें कौन चौथा सप्तक में शामिल नहीं है?
A) स्वदेश भारती B) रामकुमार अंबुज
C) अवधेश कुमार D) शंभुनाथ सिंह

27. 'काव्यादर्श' किसकी रचना है?
A) मम्मट B) दंडी
C) भामह D) आनन्द वर्धन

28. मुनिजिन विजय ने किस ग्रंथ को जैन साहित्य की रास परंपरा का पहला ग्रंथ माना ?
A) भारतेश्वर बाहुबली रास B) चंदनबाला रास
C) स्थूलीभद्ररास D) रेवंतगिरि रास

29. कवि जगनिक किस राजा का आश्रित था?
A) राजा वीरसिंह B) राजा जयसिंह
C) राजा परमादि देव D) भोज परमार

30. “मनहुं कला ससिभान कला सोलह सो बन्निय
बाल बैस ससि ता समीप अमृत रस पिन्निया।” ये पंक्तियाँ किस रचना की हैं?

A) बीसल देव रासो B) परमाल रासो
C) पृथ्वीराज रासो D) खुमान रासो

31. हिन्दी में नखशिख वर्णन की शृंगार परंपरा किस रचना से आरंभ होती है?

A) उक्ति व्यक्ति प्रकरण B) राउलवेल
C) वर्ण रत्नाकर D) वसंत विलास

32. 'कथा एक कंस की' किस विधा की रचना है?

A) कहानी B) संस्मरण C) जीवनी D) नाटक

33. इनमें संयुक्त वाक्य का उदाहरण कौन-सा है?

A) सुधीर ने कहा कि अब हमें जाना चाहिए
B) तुम अपने घर जाओ और आराम करो
C) जो परिश्रम करता है, वह अवश्य सफल होता है
D) मैं जब घर पहुँचा तब रात हो गयी थी

34. 'राजभाषा हिन्दी के विविध आयाम' नामक ग्रंथ के रचयिता कौन है ?

A) डॉ. जी.गोपीनाथन B) पी.वी. विजयन
C) डॉ.एन.इ. विश्वनाथ अय्यर D) डॉ. मलिक मुहम्मद

35. भारोपीय भाषा परिवार का पहला नाम क्या है ?

A) युराल अल्ताई परिवार B) इन्डो जर्मनिक परिवार
C) काकेशीय परिवार D) द्रविड कुल

36. रोला में मात्राओं की संख्या कितनी है?

A) 16 B) 19 C) 24 D) 26

37. विश्वभारती पत्रिका का संपादक कौन है?

A) बालकृष्ण भट्ट B) मदन मोहन मालवीय
C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी D) गणेश शंकर विद्यार्थी

38. 'वे दिन वे लोग' किसकी रचना है?

A) रामनाथ सुमन B) शिवपूजन सहाय
C) अमरकांत D) गोविन्द मिश्र

39. 'साहित्य जन समूह के हृदय का विकास है।' यह किसका कथन है?
A) रामचन्द्र शुक्ल B) सरदार पूर्ण सिंह
C) बालकृष्ण भट्ट D) नामवर सिंह

40. 'खालिक बारी' किस प्रकार की रचना है?
A) नीतिपरक ग्रंथ B) मनोरंजन परक ग्रंथ
C) धर्मिक रचना D) फारसी-हिन्दी शब्दकोश

41. सिंधी भाषा का विकास अपभ्रंश की किस बोली से माना गया?
A) अर्धमागधी B) पैशाची C) मागधी D) ब्राचड

42. इनमें कौन-सी रचना श्रीलाल शुक्ल कृत है?
A) वितस्ता बहती है B) बिस्रामपुर का संत
C) लाल पीली ज़मीन D) ए.बी.सी.डी.

43. 'रूपों में एक अरूप सदा खिलता है' किसकी पंक्ति है?
A) शमशेर बहादुर सिंह B) प्रभाकर माचवे
C) अज्ञेय D) रामविलास शर्मा

44. 'यहाँ से देखो' किसका काव्य संग्रह है?
A) केदारनाथ सिंह B) गगनगिल
C) लीलाधर जगूडी D) कात्यायनी

45. 'चुल्लूभर पानी में डूब मरना' मुहावरा का अर्थ क्या है?
A) बहुत लज्जित होना B) कठिनाई का अनुभव होना
C) महत्वपूर्ण स्थान पर अपराध होना D) बुरी तरह हारना

46. इनमें कौन-सा उपन्यास जीवनीपरक नहीं है?
A) मानस का हंस B) पहला गिरमिटिया
C) खंजन नयन D) भूले बिसरे चित्र

47. 'चाबुक' किसका निबंध संग्रह है?
A) शिवपूजन सहाय B) निराला
C) रामवृक्ष बेनीपुरी D) विद्यानिवास मिश्र

48. इनमें कृष्णा अग्निहोत्री की आत्मकथा कौन-सी है?

A) लगता नहीं है दिल मेरा
B) मुक्त गगन में
C) बनफूल
D) क्या जानूँ मैं कौन

49. 'राम की शक्तिपूजा' की यौगिक प्रक्रिया का स्रोत क्या है?

A) वेदान्त
B) हठयोग
C) नव वेदान्त
D) योग वशिष्ठ

50. 'कवि की प्रेयसी' किसकी रचना है ?

A) इलाचन्द्र जोशी
B) नासिरा शर्मा
C) चित्रा मुद्गल
D) ज्ञान रंजन

51. 'रहिमन जो गति दीप की कुल कपूत की सोय।
बारे उजियारे करे, बढ़े अंधियारो होय' -- इसमें कौन सा अलंकार है?

A) यमक
B) श्लेष
C) अन्योक्ति
D) अतिशयोक्ति

52. इनमें कौन-सा उपन्यास अधूरा नहीं है?

A) इरावती
B) मंगलसूत्र
C) रत्ना की बात
D) चीटी की पकड

53. प्रयोगवाद को 'बैठे ठाले का धंधा' किसने कहा?

A) नन्ददुलारे वाजपेयी
B) रामकुमार वर्मा
C) नेमीचन्द्र जैन
D) रमेशचन्द्र शाह

54. किस पत्रिका के माध्यम से कमलेश्वर ने समांतर कहानी आन्दोलन का प्रारंभ किया?

A) नया प्रतीक
B) संचेतना
C) प्रतीक
D) सारिका

55. बालमुकुन्द गुप्त के निबंध 'आत्माराम की टें टें' में किसे आत्माराम कहा गया है?

A) शिवपूजन सहाय
B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
C) निराला
D) रघुवीर सहाय

56. संविधान सभा में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव किसने रखा?

A) जे.बी. पंत
B) गोपाल स्वामी आयंकार
C) खोराने
D) बि.आर.अंबेदकर

57. ‘युगवाणी’ किसकी रचना है?

A) शुक्लजी
B) पंत
C) प्रसाद
D) नन्ददुलारे वाजपेयी

58. ‘रूपोद्यान प्रफुल्ल प्राय कलिका राकेंदु बिंबानना।’ किसकी पंक्ति है?

A) हरिऔध
B) महादेवी वर्मा
C) मैथिलीशरण गुप्त
D) माखनलाल चतुर्वेदी

59. डॉ. सुनीति कुमार चटर्जी के अनुसार पूर्वी हिन्दी आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं के किस वर्ग में आती है ?

A) प्रतीच्य
B) उदीच्य
C) मध्यदेशीय
D) प्राच्य

60. वक्रोक्ति संप्रदाय के विरोधी आचार्य कौन है?

A) दण्डी
B) कुंतक
C) वामन
D) विश्वनाथ

61. डॉ. धीरेन्द्र वर्मा ने वैदिक ध्वनियों की संख्या कितनी मानी है ?

A) 50
B) 51
C) 53
D) 56

62. कारयित्री, भावयित्री प्रतिभा का विभाजन किस आचार्य ने किया?

A) राजशेखर
B) क्षेमेन्द्र
C) दण्डी
D) कुंतक

63. आदर्शराज्य में कवियों के लिए कोई स्थान नहीं है। -- किसका कथन है?

A) अरस्तू
B) लोंजिनस
C) कॉलरिज
D) प्लेटो

64. इनमें कौन-सा उपन्यास भारत-विभाजन पर आधारित नहीं है ?

A) तमस
B) झूठा-सच
C) आधागाँव
D) सीधी सच्ची बातें

65. रेखांकित पदबंध का भेद कौन-सा है ?
<u>विदेश में रहनेवाले मेरे भाई</u> ने यह भेजा है ।

A) विशेषण पदबंध
B) सर्वनाम पदबंध
C) क्रिया पदबंध
D) संज्ञा पदबंध

66. ‘आनन्द मगन’ में कौन-सा समास है?

A) तत्पुरुष
B) कर्मधारय
C) द्विगु
D) द्वंद्व

67. प्रथम भारत-भारती पुरस्कार किसको मिला?

A) अमरकांत B) महादेवी

C) प्रसाद D) माखनलाल चतुर्वेदी

68. 'समय देवता' किस विधा की रचना है?

A) कहानी B) निबंध C) कविता D) एकांकी

69. "बिनु पग चलै सुनै बिनु काना" -- इसमें कौन-सा अलंकार है?

A) अतिशयोक्ति B) विभावना C) प्रदीप D) समासोक्ति

70. 'समाचार सुधावर्षण' कहाँ से प्रकाशित दैनिक पत्र है ?

A) कोलकत्ता B) कानपुर C) मुँबई D) काशी

71. अब्दुल बिस्मिल्लाह की 'झीनी झीनी बीनी चादरिया' की रचना किस वर्ष हुई?

A) 1981 B) 1983 C) 1985 D) 1986

72. भाषाओं के पारिवारिक वर्गीकरण का आधार क्या है?

A) रूपरचना B) ध्वनि C) इतिहास D) अर्थ

73. तुलसीदास की अंतिम रचना कौन-सी है ?

A) कवितावली B) दोहावली

C) विनयपत्रिका D) हनुमान बाहुक

74. 'आलोचना का विषय कवि नहीं, कविता है ।' किसका कथन है?

A) ड्राइडन B) टी.एस. इलियट

C) क्रोचे D) मैथ्यू अरनल्ड

75. पुष्पदंत किस शताब्दी के कवि थे ?

A) आठवीं B) सातवीं C) दसवीं D) ग्यारहवीं

76. निम्नलिखित में से कौन-सी बोली पश्चिमी हिन्दी की नहीं है?

A) ब्रज B) बुंदेली C) खडीबोली D) अवधी

77. अज्ञेय के संपादकत्व में नयी कविता को प्रोत्साहन देनेवाली कौन-सी पत्रिका निकलती थी ?

A) प्रतीक B) प्रदीप C) इंदु D) हंस

78. The Principles of Literary Criticism किसकी रचना है?

A) आई.ए. रिचर्डस B) लुकाच C) वर्डसवर्थ D) क्रोचे

79. शब्दशक्ति के बारे में निम्न कथन किसका है?

"अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा हीन
अधम व्यंजना रस विरस, उलटी कहत नवीन"

A) देव B) चिंतामणि C) भिखारीदास D) केशवदास

80. 'नकेन का प्रपद्य' किसकी रचना है ?

A) अज्ञेय B) नलिन विलोचन शर्मा
C) केसरी कुमार D) नरेश

81. 'प्रेत और छाया' नामक मनोवैज्ञानिक उपन्यास के रचयिता कौन है ?

A) इलाचंद्र जोशी B) यादवेन्द्र शर्माचन्द्र
C) महीपसिंह D) गोविन्द मिश्र

82. 'केवल अतीत ही वर्तमान को प्रभावित नहीं करता, वर्तमान भी अतीत को प्रभावित करता है'-- किसका कथन है?

A) पी.बी.शेल्ली B) इलियट C) कीट्स D) क्रोचे

83. दक्षिणी राजस्थानी का दूसरा नाम क्या है ?

A) मारवाडी B) जयपुरी C) मेवाती D) मालवी

84. 'जफ़रनामा' किसकी रचना है?

A) आबिदअलि B) आगा मोहम्मद हस्र
C) शरफुद्दीन यज्दी D) शेख मुहम्मद

85. 'शिवसिंह सरोज' की रचना किस वर्ष हुई?

A) 1876 B) 1883 C) 1891 D) 1899

86. हिन्दी प्रदेश की प्रसिद्ध लोकगाथा 'आल्हा' मूलतः किस बोली में लिखी जाती थी?

A) बनाफटी B) बुन्देली C) पहाडी D) बधेली

87. अपभ्रंश में कितने स्वर थे?

A) 6 B) 8 C) 10 D) 12

88. निम्नलिखित में अर्द्ध संवृत स्वर कौन-सा है?
A) अ B) ऐ C) ओ D) औ

89. 'ढूंढाणी' किसे कहते हैं?
A) जयपुरी B) भोजपुरी C) मगही D) मैथिली

90. 'शतम्' समूह में कौन-सी भाषायें हैं?
A) केल्टिक B) इटैलिक C) ईरानी D) लैटिन

91. इनमें संघर्षी व्यंजन कौन-सा है?
A) स B) म C) ज D) र

92. पाली भाषा का सर्वप्रथम प्रयोग कहाँ किया गया?
A) सिद्ध साहित्य में B) नाथ साहित्य में
C) बौद्ध साहित्य में D) जैन साहित्य में

93. 'दुर्लभ' शब्द से विकसित 'दुल्हा' शब्द अर्थ विकास की किस अवस्था के अन्तर्गत आता है?
A) अर्थादेश B) अर्थोत्कर्ष
C) अर्थापकर्ष D) अर्थ संकोच

94. इनमें स्त्रीलिंग शब्द कौन-सा है?
A) धोती B) लोट C) चम्मच D) सोना

95. 'हथियाना' किस प्रकार की क्रिया है?
A) प्रेरणार्थक क्रिया B) संयुक्त क्रिया
C) नामधातु क्रिया D) सहायक क्रिया

96. गौरी + ईश्वर = गौरीश्वर में कौन-सी संधि है?
A) दीर्घ संधि B) गुण संधि C) वृद्धि संधि D) यण संधि

97. भारतेन्दु की किस पत्रिका में हिन्दी गद्य का परिष्कृत रूप सबसे पहले मिलता है?
A) हरिश्चन्द्र चन्द्रिका B) कविवचन सुधा
C) हरिश्चन्द्र मैगज़िन D) बालाबोधिनी

98. ज्ञानाश्रयी शाखा को संतकाव्य नाम किसने दिया है?
A) रामकुमार वर्मा B) राहुल सांकृत्यायन
C) बाबा गुलाबराय D) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

99. ‘भारतवर्ष का इतिहास’ किसकी रचना है?

A) मिश्रबंधु
B) गौरीशंकर हीराचंद ओझा
C) जयचंद विद्यालंकार
D) जनार्दन भट

100. इनमें से किसका जन्म मध्यप्रदेश के अशोकनगर में हुआ?

A) मुक्तिबोध
B) गिरिजाकुमार माथुर
C) केदारनाथ अग्रवाल
D) रामविलास शर्मा

101. इनमें कौन-सी रचना बलदेव वंशीकृत नहीं है?

A) मुझे मालूम है
B) कोई आवाज़ नहीं
C) बच्चे की दुनिया
D) अंधेरे के बावजूद

102. ‘सोन मछरी मनं बसी’ किस प्रकार की रचना है?

A) लंबी कविता
B) गीतिकाव्य
C) प्रबन्ध काव्य
D) खंड काव्य

103. ‘हिन्दी पत्रकारिता के नये प्रतिमान’ किसकी रचना है?

A) डॉ. हरिमोहन
B) डॉ. बच्चन सिंह
C) डॉ. जगदीश चतुर्वेदी
D) डॉ. निशान्त सिंह

104. ‘चितकबरी’ किसकी रचना है ?

A) मनोज सोनकर
B) विनोद कुमार शुक्ल
C) वीरेन्द्र सक्सेना
D) जयसिंह नीरज

105. रामचरित उपाध्याय कृत ‘देवी द्रौपदी’ किस प्रकार का नाटक है ?

A) ऐतिहासिक
B) पौराणिक
C) धार्मिक
D) सामाजिक

106. ‘कंजूस की खोपडी’ किसका नाटक है ?

A) गोविन्द वल्लभपंत
B) बलदेव प्रसाद मिश्र
C) विशंभर नाथ शर्मा कौशिक
D) पांडेय बेचन शर्मा उग्र

107. इनमें कौन-सा उपन्यास ऋषभचरण जैन कृत नहीं है?

A) दिल्ली का दलाल
B) रहस्यमयी
C) दिल्ली का कलंक
D) दिल्ली का व्यभिचार

108. जयशंकर प्रसाद की 1936 में प्रकाशित कहानी कौन-सी है?

A) आँधी
B) आकाशदीप
C) प्रतिध्वनि
D) इंद्रजाल

109. साहित्यानुवाद : संवाद और संवेदना किसकी रचना है?

A) सुरेश कुमार
B) डॉ.एन. सुरेश
C) डॉ. आरसू
D) डॉ.जी.गोपीनाथन

110. निम्नलिखित पात्रों को नाट्यकृतियों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | सावित्री | -- | 1. कोर्टमार्शल |
| ख. | रामचंदर | -- | 2. माधवी |
| ग. | गालव | -- | 3. स्कन्दगुप्त |
| घ. | देवसेना | -- | 4. आधे अधूरे |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| C) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

111. प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से निम्न लिखित कृतियों का सही अनुक्रम क्या है ?

क. परिंदे
ख. मंगली की टिकुली
ग. बादल के खेरे
घ. मैं हार गयी

A) क, ग, ख, घ
B) ख, घ, ग, क
C) ख, क, घ, ग
D) क, घ, ग, ख

112. स्थापना (Assertion) A -- हिन्दी कवि आचार्यों की मौलिक देन है, रसरीति की स्थापना।
तर्क (Reason) R -- हिन्दी रीति काव्य में रस से ज्यादा रीति को महत्व दिया गया है ।

A) A सही और R गलत है।
B) A और R दोनों गलत है ।
C) A गलत और R सही है।
D) A और R दोनों सही है ।

113. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क. | कब तक पुकारूँ | -- | 1. रामदरश मिश्र |
| ख. | रतिनाथ की चाची | -- | 2. फणीश्वरनाथ रेणु |
| ग. | परती परिकथा | -- | 3. रांगेय राघव |
| घ. | पानी के प्राचीर | -- | 4. नागार्जुन |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

114. स्थापना (Assertion) A -- वक्रोक्ति स्वतंत्र संप्रदाय न होकर आचार्य कुंतक का एकल मतवाद है।

तर्क (Reason) R -- संप्रदाय में एकाधिक विचारकों की सह भागिता अनिवार्य होती है । इसे अधिकतर आचार्यों ने अलंकार माना है, संप्रदाय नहीं ।

A) A सही और R गलत है।  B) A और R दोनों गलत है ।

C) A गलत और R सही है।  D) A और R दोनों सही है ।

115. स्थापना (Assertion) A -- भाषा वैज्ञानिकों की दृष्टि में हिन्दी और उर्दु अलग भाषाएँ हैं ।

तर्क (Reason) R -- उनका व्याकरण एक ही है ।

A) A सही और R गलत है।  B) A और R दोनों गलत है ।

C) A गलत और R सही है।  D) A और R दोनों सही है ।

116. स्थापना (Assertion) A -- जिसप्रकार आत्मा की मुक्तावस्था ज्ञानदशा कहलाती है, उसी प्रकार हृदय की मुक्तावस्था रसदशा कहलाती है ।

तर्क (Reason) R -- क्योंकि कविता में कवि हृदय लोकसामान्य की भूमि पर पहुँच जाता है ।

A) A सही और R गलत है।  B) A और R दोनों गलत है ।

C) A गलत और R सही है।  D) A और R दोनों सही है ।

117. निम्नलिखित कहानियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए ।

क. भीष्मसाहनी -- 1. एक और कृति
ख. विष्णुप्रभाकर -- 2. निशाचर
ग. गीतांजलि श्री -- 3. काला शुक्रवार
घ. सुधा आरोडा -- 4. अनुगूँज

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| D) | 2 | 1 | 4 | 3 |

118. इनमें स्वप्निल श्रीवास्तव की रचना कौन-सी है ?

A) गाते गुनगुनाते
B) नींद में मोहनजोदाड़ो
C) ईश्वर एक लाठी है
D) जेबों में डर

119. जीवन काल की दृष्टि से निम्नलिखित निबंधकारों का सही अनुक्रम बताइए ?

A) महावीर प्रसाद द्विवेदी, रामचन्द्रशुक्ल, हज़ारी प्रसाद द्विवेदी, विद्यानिवास मिश्र
B) रामचन्द्र शुक्ल, महावीर प्रसाद द्विवेदी, विद्यानिवास मिश्र, हज़ारी प्रसाद द्विवेदी
C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी,महावीर प्रसाद द्विवेदी, रामचन्द्र शुक्ल, विद्यानिवास मिश्र
D) विद्यानिवास मिश्र, महावीर प्रसाद द्विवेदी, रामचन्द्र शुक्ल,हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

120. निम्नलिखित उक्तियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए ।

क. मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है -- 1. जयशंकर प्रसाद
ख. मैं उपन्यास को मानव चरित्र का चित्र समझता हूँ -- 2. हज़ारी प्रसाद द्विवेदी
ग. काव्य आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति है -- 3. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
घ. भक्ति धर्म की रसात्मक अनुभूति है -- 4. प्रेमचन्द

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| B) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| D) | 2 | 4 | 1 | 3 |